माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पंत्रांक : 341 / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 09.01.2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।

विषय :– परीक्षा समिति की बैठक दिनांक : 09.01.2024 की मद संख्या 02 में पारित संकल्प के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि विभिन्न छात्रों एव छात्र प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर विश्वविद्यालय की अन्तरिम परीक्षा समिति दिनांक : 09.01.2024 की आपात बैठक के मद संख्या 02 में निम्नवत् संकल्प पारित किया गया –

'' परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तात्कालिक प्रभाव से एन0ई0पी0 – 2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों (बी0ए0, बी0कॉम एव बी0एस–सी0) में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को क्रमशः तृतीय व पंचम सेमेस्टर में प्रोन्नत कर दिया जाय तथा ऐसे अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को जिन्हें प्रोन्नत किया गया है उन्हें सम्बन्धित सेमेस्टर के साथ बैक अथवा सम्पूर्ण परीक्षा में भी सम्मिलित कराया जाय। ''

अतः परीक्षा समिति द्वारा पारित संकल्प के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त श्रेणी के छात्रों को तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश देते हुए उनके ऑनलाइन मेजर / माइनर / वोकेशनल / प्रोजक्ट का ऑनलाइन आवंटन सुनिश्चित करते हुए उनके परीक्षाफार्म प्रत्येक दशा में दिनांक 14.01.2024 तक पूर्ण कराकर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय में अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय
9.1.24
(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. उप कुलसचिव।
4. समस्त संपादक, समस्त सामाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश / विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रेस प्रवक्ता, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।
6. अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. वेबसाइट प्रभारी।
8. प्रभारी परीक्षा / गोपनीय।

परीक्षा नियन्त्रक